for Kind Attention.

Sec

A.D.

संख्याः 177/xxvii(7)फ0मैने0/2009

प्रेषक,

राधा रतूड़ी
सचिव वित्त,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवामें,

निदेशक,
लेखा एवं हकदारी,
23 लक्ष्मी रोड़,डालनवाला,
देहरादून।

वित्त (वे0आ0–सा0नि)अनु0–7 देहरादूनः दिनांकः 21 जुलाई,2009

विषयः–नई अंशदान पेंशन योजना के अन्तर्गत पी0एफ0आर0डी0ए0 से पत्राचार,एन0एस0डी0एल0 तथा एन0पी0एस0 ट्रस्ट तथा फण्ड मैनेजर से राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नोडल अधिकारी नामित करने तथा अनुबन्ध करने हेतु नामांकन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष, पी0एफ0आर0डी0ए0 के अर्द्ध0 शा0प0 सं0–8/9/2007 पी0एफ0आर0डी0ए0 दिनांक 14 जनवरी,2009 के सदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नई पेंशन स्कीम के अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से पी0एफ0आर0डी0ए0 तथा उसकी अन्य इकाईयों यथा एन0एस0डी0एल0,एन0पी0एस0 ट्रस्ट तथा फण्ड मैनेजर से पत्राचार एवं अन्य कार्यवाही राज्य सरकार की ओर से करने हेतु निदेशक, लेखा एवं हकदारी, 23 लक्ष्मीरोड़,डालनवाला, देहरादून जिनका दूरभाष सं0 (0135)2653774(का0),27130776(फैक्स)तथा 2713923 (का0)हैं, को नोडल अधिकारी के रूप में एतद्द्वारा नामित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्य सरकार की ओर से सम्प्रति श्री टी0एन0 सिंह, अपर सचिव, वित्त ही निदेशक, लेखा एवं हकदारी हैं, जो उक्त हैसियत से एन0एस0डी0एल0,एन0पी0एस0 ट्रस्ट तथा फण्ड मैनेजर से आवश्यक अनुबन्ध के निष्पादन की कार्यवाही करेंगे। राज्य सरकार के द्वारा फण्ड मैनेजर के रूप में स्टेट बैंक आफ इण्डिया का चयन किया गया है, जिनसे तत्काल अनुबन्ध निष्पादन करने की कार्यवाही निष्पादित कर शासन को अवगत कराया जायेगा।

3– नई पेंशन स्कीम में भारत सरकार की इकाइयों से अनुरोध है कि वे उक्तवत अवगत होते हुए नोडल अधिकारी से सम्पर्क करके अन्य

आवश्यक अनुबन्ध निष्पादन के साथ उक्त योजना के अन्तर्गत अन्य आवश्यक औपचारिकतायें नोडल अधिकारी से सम्पर्क करके अविलम्ब पूर्ण कराने का कष्ट करें ।

भवदीया,

(राधा रतूड़ी)
सचिव, वित्त।

संख्या : 179 (1)/XXVII(7)/2009तददिनॉक

प्रतिलिपिः—निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1—कार्यकारी निदेशक, पी0एफ0आर0डी0ए0,प्रथम तल,आई0 सी0 ए0डी0आर0 भवन,प्लाट नम्बर,6 वसन्त कुंज, संस्थागत क्षेत्र, फेज ii, नई दिल्ली।

2—स्टेट बैंक आफ इण्डिया फण्ड मैनेजर,

3—एन0एस0डी0एल0, चतुर्थ तल—'ए' विंग ट्रेड वर्ल्ड,कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापत मार्ग,लोवर पर्ल, मुम्बई।

4—एन0पी0एस0 ट्रस्ट प्रथमं तल,आईसीएडीआर बिल्डिंग प्लाट न0—6,बैसंतकुज इन्स्टीट्यूशनल एरिया, फेज—2 नई दिल्ली।

5—निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, 23 लक्ष्मीरोड,देहरादून।

6 गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(टी0एन0सिंह)
अपर सचिव, वित्त।